हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

इन देशों में ऐसी पाबंदी

फ्रांस
- 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन लगभग प्रतिबंधित
- स्कूलों में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित
- सरकार मानती है, स्क्रीन बचपन की सामाजिकता खा रही है

चीन
- बच्चों के लिए गेमिंग समय सीमित
- सप्ताह में केवल 3 घंटे ऑनलाइन गेम
- रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक नो गेमिंग
- नाबालिगों के लिए डिजिटल कर्फ्यू

स्वीडन
- स्कूलों में डिजिटल डिटॉक्स नीति
- किताब, कागज और संवाद पर जोर
- स्क्रीन से सीखने के नकारात्मक असर को सरकारी रिपोर्ट में स्वीकार किया गया

नॉर्वे
- सरकार ने स्क्रीन टाइम गाइडलाइंस जारी की
- बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी और सामाजिक खेल के लिए प्रेरणा
- स्कूलों में मोबाइल का सीमित उपयोग

यूनाइटेड किंगडम
- स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंध बढ़ रहा
- सरकार ने माना :अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के व्यवहार और ध्यान क्षमता को नुकसान पहुंचा रहा है

मोबाइल गेम्स की ऐसी लत कि तीन बहनों ने छत से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद/रायपुर

मोबाइल गेम की लत इंसान के दिमाग पर किस कदर हावी हो सकती है, इनका दिल दहला देने वाली उदाहरण गाजियाबाद से सामने आया है। तीन मासूम बच्चियों ने ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते अपनी जान दे दी है। फ्रांस, चीन, स्वीडन, नार्वे जैसे कई देशों ने ऑनलाइन तय की हैं, जिससे अनहोनी टल सके। चीन ने तो नाबालिगों के लिए डिजिटल कर्फ्यू घोषित कर दिया है। इधर, भारत में ऐसी कोई पाबंदी नहीं। अभिभावकों को खुद की अलर्ट रहना होगा,

एक्सपर्ट कहते हैं...

रियल कुछ भी नहीं बच्चों को समझाना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. डीएस परिहार के मुताबिक बच्चे दोस्तों के बीच सम्मान पाने मोबाइल और उसके गेम से जुड़ जाते हैं जो धीरे-धीरे उनकी लत बन जाती है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि मोबाइल का गेम रील है, इसमें रियल कुछ भी नहीं है। माता-पिता को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने स्क्रीन टाइम फिक्स करने की आवश्यकता है।

पैरेंट्स को रखनी होगी नजर

आंबेडकर अस्पताल की मनोचिकित्सक डा. सुरभि दुबे ने कहा कि माता-पिता को इस बात की जानकारी रखनी चाहिए कि बच्चा मोबाइल के किस एप का ज्यादा उपयोग करता है। बच्चों में मोबाइल के बजाए स्पोर्टस अथवा खेलकूद में दिलचस्पी पैदा करने की कोशिश की जानी चाहिए। मोबाइल के गेम्स सीधे दिमाग में उत्तेजना पैदा करने वाले होते हैं। इसकी लत बहुत जल्दी पड़ जाती है। मोबाइल के लिए समय तय करने की जरूरत है।

ताकि बच्चों के मन में मोबाइल को लेकर कोई मानसिक दबाव न हो।

गाजियाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी से कथित तौर पर कूदने के बाद तीन नाबालिग बहनों की मौत हो गई। पुलिस एक ऑनलाइन कोरियन गेम की लत संबंधी पहलू की भी जांच कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ये बहनें एक ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' की आदी थीं जो 'टास्क बेस्ड' है और बच्चियों के माता-पिता ▸▸शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

साइबर अपराधियों से बचाए 8,189 करोड़

नई दिल्ली। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि पिछले चार वर्ष में दर्ज 23.61 लाख से अधिक मामलों में 8,189 करोड़ रुपये साइबर चोरी होने से बचा लिए गए। मंत्रालय द्वारा शुरू की गई नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली पर 2021 से 2025 तक 23.61 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं।

डूबने से शख्स और उसके दो बेटों की मौत

जयपुर। राजस्थान में हनुमानगढ़ के एक खेत में बनी हौदी में डूबने से एक शख्स और उसके दो बेटों की मौत हो गई। हादसा संगरिया थाना क्षेत्र के रासूवाला गांव में मंगलवार शाम को हुआ। मृतकों की पहचान रासूवाला निवासी गुरदीप सिंह (40), लखविंदर सिंह (22) और राजविंदर सिंह (16) के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों खेत में फसलों पर स्प्रे कर रहे थे। छोटा बेटा राजविंदर स्प्रे के लिए पानी लेने पड़ोसी जसवीर सिंह के खेत में बनी हौदी पर गया और वहां पानी भरने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह हौदी में गिर गया।

बस पलटने से बच्चे की मौत, एक दर्जन घायल

फिरोजाबाद। जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक डबल डेकर बस के अनियंत्रित होकर पलटने से तीन साल के बच्चे की मौत हो गयी, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को नींद आना बताया जा रहा है। बस में लगभग 45 यात्री सवार थे। दुर्घटना में लगभग 10-12 यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

'गबन' मामले में पूर्व विधायक गिरफ्तार

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय ने राजस्थान के एक पूर्व विधायक को विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि में गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। ईडी ने बहरोड़ के पूर्व निर्दलीय विधायक बलजीत यादव को मंगलवार देर रात शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी 2021-22 के दौरान 3.72 करोड़ रुपए के कथित गबन से जुड़ी जांच के सिलसिले में हुई है। उन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है। यहां ईडी कार्यालय से बाहर निकलते समय पूर्व विधायक ने कहा, सत्यमेव जयते। षडयंत्र का शिकार हुआ हूं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स, गंभीर हालात को संभालने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप भी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत दस जिलों में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स बनाई जाएगी। इसके साथ ही राज्य में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मादक पदार्थों की रोकथाम की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के 10 जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में प्रावधानित 100 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर, राजनांदगांव एवं कोरबा जिला शामिल हैं।

एसओजी के लिए 44 नए पदों को मंजूरी: मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा अंतर्गत एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) के गठन के लिए प्रावधानित 44 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। एसओजी का काम किसी भी बड़ी या अचानक हुई घटना में तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात को संभालना और आतंकी हमला ▸▸शेष पेज 5 पर

छत्तीसगढ़ में अब पायलट प्रशिक्षण

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया तथा इसके संचालन के दिशा-निर्देशों का अनुमोदन किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ में पायलट प्रशिक्षण की सुविधा के लिए राज्य में उड़ान प्रशिक्षण संगठन की स्थापना की जाएगी। विमानन क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह संस्थान उपयोगी होगा। इससे एयरक्राफ्ट रीसाइकिलिंग, हेलीकॉप्टर बंकिंग तथा एयरो स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं विकसित होंगी।

छत्तीसगढ़ में शुरू होगी पायलट ट्रेनिंग

जमीन आवंटन का अधिकार जिला कलेक्टर को

सिरपुर एवं अरपा क्षेत्र में सुनियोजित विकास और विकास कार्यों को गति देने के लिए संबंधित क्षेत्र में शासकीय भूमि के आबंटन का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अरपा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उद्देश्य संबंधित नदी तटीय क्षेत्रों का योजनाबद्ध और समग्र विकास करना है। इसके लिए मास्टर प्लान के क्रियान्वयन, भूमि नियोजन एवं नगर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना आवश्यक है। विकास कार्यों को गति देने के लिए शासकीय भूमि का आबंटन जरूरी था।

छत्तीसगढ़ बनेगा प्रमुख नवाचार केंद्र

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-26 का अनुमोदन किया है। इस नीति से स्टार्टअप ईको सिस्टम के साथ-साथ इन्क्यूबेटर्स एवं अन्य हितधारकों का विकास होगा। छत्तीसगढ़ को देश में एक प्रमुख नवाचार केन्द्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में सुधार होने से राज्य में निवेश का आकर्षण बढ़ेगा।

क्लाउड फर्स्ट नीति को स्वीकृति

मंत्रिपरिषद ने "छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति" को प्रदेश में लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति के अनुसार राज्य शासन के सभी विभाग, उपक्रम एवं स्वायत्त संस्थाएं केवल भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित क्लाउड सेवा प्रदाताओं या भारत में स्थित सुरक्षित डेटा सेंटर एवं डिजास्टर रिकवरी सेंटर से ही क्लाउड सेवाएं लेंगी। किसी विशेष या असाधारण आवश्यकता के लिए राज्य क्लाउड परिषद से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नीति के तहत कम प्राथमिकता वाले एप्लिकेशन एवं आर्काइव डेटा का क्लाउड माइग्रेशन वर्ष 2027-28 तक तथा उच्च प्राथमिकता सेवाओं का माइग्रेशन 2029-30 तक किया जाएगा।

एसीबी की बड़ी कार्रवाई

घूस लेते पकड़े गए नायब तहसीलदार और पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा

एंटी करप्शन ब्यूरो ने पामगढ़ तहसील कार्यालय में दबिश देकर नायब तहसीलदार और पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। दोनों ने चोरभट्टी धान खरीदी केंद्र प्रभारी से रिश्वत मांगी थी। नायब तहसीलदार और पटवारी 35 हजार रुपए की रकम लेते एसीबी के हत्थे चढ़ गए।

- धान खरीदी केंद्र प्रभारी से मांगी थी 35 हजार की रिश्वत

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार 4 फरवरी को एसीबी इकाई बिलासपुर द्वारा पामगढ़ तहसील कार्यालय में दबिश देकर नायब तहसीलदार पामगढ़ श्रीमती करुणा आहेर और उच्चभट्टी पटवारी आयुष कुमार ध्रुव को 35 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। दोनों ने धान उपार्जन केंद्र चोरभट्टी के प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ▸▸शेष पेज 5 पर

योजना बनाकर पकड़ा

योजना के तहत 4 फरवरी को धीरेन्द्र कौशिक केमिकल लगे नोट लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा। नायब तहसीलदार ने रिश्वत की रकम पटवारी को देने कहा। धीरेन्द्र कौशिक द्वारा पटवारी आयुष कुमार ध्रुव को रिश्वत की रकम 35 हजार रुपए देते ही आसपास तैनात एसीबी टीम ने पटवारी और नायब तहसीलदार को पकड़ लिया। रिश्वत में ली गई रकम बरामद कर एसीबी द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

कोलकाता में तुर्की एयरलाइंस के विमान की आपात लैंडिंग

बीच हवा में विमान के इंजन में आग, 236 की जान पर मंडराया खतरा!

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के इंजन में खराबी आने के बाद विमान ने कोलकाता हवाई अड्डे पर आपात परिस्थितियों में उतरा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पायलट ने विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना दी थी। यह उड़ान काठमांडू से तुर्किये के इस्तांबुल जा रही थी। बयान के मुताबिक उड़ान संख्या टीएचटीके-727 वाला एयरबस ए330-300 विमान अपराह्न करीब 1.15 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चालक दल के 11 सदस्यों सहित 236 यात्रियों को लेकर रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने उड़ान भरने के दौरान विमान के दो इंजनों में से एक में खराबी की सूचना दी थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'विमान ने दाहिने इंजन में आग लगने के कारण अंतरराष्ट्रीय रेडियो संकट संकेत (पैन पैन) जारी किया और अपराह्न 1:38 बजे एक इंजन की ▸▸शेष पेज 5 पर

क्या हुआ था आसमान में?

- दोपहर 1:38 बजे: जब विमान भारतीय हवाई क्षेत्र के पास था, पायलटों ने तकनीकी खराबी और दाएं इंजन में आग की सूचना दी। उन्होंने तुरंत 'पैन-पैन' कॉल दी।
- दोपहर 1:51 बजे: एयरलाइन के सूत्रों के अनुसार, दोपहर 1:51 बजे तक चालक दल ने विमान के फायर सप्रेसर सिस्टम का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया था।
- दोपहर 2:49 बजे: एयरलाइन सभी 236 यात्रियों के साथ सुरक्षित तरीके से कोलकाता एयरपोर्ट पर लैंड हो गई। लैंडिंग के वक्त कोलकाता एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित थी और अग्निशमन दल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद थीं, ताकि जरूरत के हिसाब से मदद दी जा सके।

क्या है पैन-पैन का मतलब?

यह 'मेडे' से कम गंभीर, लेकिन एक महत्वपूर्ण इमरजेंसी कॉल है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब विमान को तत्काल सहायता की आवश्यकता हो लेकिन जान-माल का तत्काल खतरा न हो। पैन-पैन एक अर्जेंट लेकिन नॉन-डिस्ट्रेस रेडियो कॉल है। इसका मतलब है- स्थिति गंभीर है, मदद चाहिए, लेकिन जान का तुरंत खतरा नहीं है। यह कॉल पायलट की तरफ से एयर ट्रैफिक कंट्रोल और आसपास के विमानों को सतर्क करने के लिए की जाती है कि फ्लाइट में कोई तकनीकी, मेडिकल या ऑपरेशनल समस्या है, जिस पर प्राथमिकता से ध्यान चाहिए।

गिरावट के बाद लगातार दूसरे दिन तेजी

चांदी तीन लाख के करीब सोना 1.65 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

कीमती धातुओं ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में अपनी तेजी को बरकरार रखा। इस दौरान चांदी की कीमतें बढ़कर 2.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई और सोना 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुख, कमजोर डॉलर ने इस उछाल में योगदान दिया। पिछले सप्ताह की भारी बिकवाली के बाद डॉलर के कमजोर होने से निवेशकों में बहुमूल्य धातुओं के प्रति रुचि फिर से जगी थी अखिल भारतीय सर्राफा संघ के ▸▸शेष पेज 5 पर

सोने के दाम में तीन फीसदी बढ़ोतरी

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, सोने और चांदी ने बुधवार को अपनी तेजी जारी रखी, सोने की कीमतें तीन प्रतिशत से अधिक बढ़ीं। लगभग 1.6 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं, जबकि चांदी में भारी अस्थिरता और सुधार की अवधि के बाद दिन के कारोबार के दौरान छह प्रतिशत तक का उछाल आया।

पेड़ से टकराई स्कार्पियो, 3 पर्यटकों की गई जान, 6 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

गरियाबंद से जगन्नाथ पुरी होते हुए बस्तर पहुंचे पर्यटकों के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में छह लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिले के ग्राम देवपरसूली थाना पिपरछेड़ी निवासी एक मासूम बच्चे समेत 13 पर्यटक 28 जनवरी को स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 23 पी 1719 में सवार होकर विशाखापटनम से जगन्नाथपुरी होते हुए 2 फरवरी को दंतेवाड़ा पहुंचे थे। यहां दर्शन उपरांत 3 फरवरी को बारसूर घुमने के बाद चित्रकोट के लिए आ रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 9 बजे तेज रफ्तार वाहन मारडूम थाना क्षेत्र के ग्राम मेण्ड्री के करीब कहुआ के पेड़ से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही मारडूम पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से लोहण्डीगुड़ा अस्पताल भेजा। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं वाहन में सवार 6 अन्य भी घायल हो गए थे, जिनमें तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

बदल दिए गए क्रिकेट के 70 से ज्यादा नियम, अक्टूबर से होगा लागू

अब अंतिम ओवर पूरा करना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

खास खबर

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कई बदलाव की घोषणा की है। मंगलवार (3 फरवरी 2026) को एमसीसी ने कुल 73 नियमों में बदलाव की घोषणा की है जिसमें टेस्ट मैच में अगर अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है तो पूरा ओवर खेलना अनिवार्य करना भी शामिल है। वहीं बाउंड्री पर लेने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन आदि कई नियमों में बदलाव सामने आए हैं। यह सभी नए नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।

विकेटकीपर से जुड़े नियमों में भी बदलाव

विकेटकीपर से जुड़े नियम में भी बदलाव किया गया है। अब गेंद फेंके जाने से पहले अगर विकेटकीपर स्टंप्स के बराबर या आगे खड़ा होता है, तो इसे नो बॉल नहीं माना जाएगा। एमसीसी ने कहा, विकेटकीपर अब भी गेंद को पकड़ने के लिए तब तक स्टंप्स के आगे नहीं आ सकता, जब तक गेंद बल्लेबाज के विकेट को पार न कर जाए या बल्ले अथवा शरीर से संपर्क न कर ले, लेकिन अब नियम यह है कि गेंद छोड़े जाने के बाद ही विकेटकीपर को पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना होगा।

बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों के साथ मिलकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए मानक और नाम भी तय किए हैं। एमसीसी के अनुसार अब गेंदों को साइज-1, साइज-2 और साइज-3 के रूप में बांटा गया है। साइज-1 (पारंपरिक पुरुषों की गेंद) में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन अब तीनों श्रेणियों के लिए मानक एक समान कर दिए गए हैं।

बाउंड्री लाइन के कैच का नियम बदला

वहीं बाउंड्री लाइन के पास लिए जाने वाले कैच को लेकर 'बनी हॉप कैच' को हटाया गया है। अब कोई भी फील्डर बाउंड्री के बाहर रहते हुए हवा में गेंद को केवल एक बार छू सकता है और उसके बाद पूरी तरह बाउंड्री के अंदर जमीन पर होना जरूरी होगा।

शहर को पानी पिलाने के नाम पर 600 करोड़ खर्च, फिर भी कम नहीं हुआ टैंकर का बोझ

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

निगम ने 5 साल में 5 करोड़ किराए के टैंकर पर फूंके, नहीं सुधर पाया जल आपूर्ति का सिस्टम

रायपुर नगर निगम ने पांच साल में शहर की 15 लाख आबादी को साफ पानी पिलाने के नाम पर अमृत मिशन सहित छोटी-बड़ी योजनाओं में 600 करोड़ खर्च कर दिए, फिर भी जल आपूर्ति का सिस्टम सुधर नहीं पाया। हालत ये है कि टैंकर का बोझ कम नहीं हो रहा। पिछले 5 साल में 5 करोड़ रुपए टैंकर किराए के रूप में भुगतान किया गया है। इस समय शहर की 45 पानी टंकियों से रोजाना 300 एमएलडी शुद्ध पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके बाद भी कई इलाकों में लो प्रेशर की समस्या बनी हुई है। कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां पुरानी पाइप लाइन में लीकेज से लोगों के घरों में गंदा पानी आने की समस्या बनी हुई है, जिसे नगर निगम का जल विभाग अभी तक दूर नहीं कर पाया। भनपुरी, कचना, लभांडी, फुंडहर, दलदल सिवनी सहित कुछ इलाके शहर में ऐसे भी हैं, जहां लोगों की प्यास बुझाने बारह महीने पानी टैंकर भेजने की नौबत बनती है। पानी की सबसे ज्यादा दिक्कत बीएसयूपी कालोनियों और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित बहुमंजिला आवासीय परिसर में है, जहां पानी का एकमात्र साधन बोरवेल है, जो तेज गर्मी में अकसर सूख जाता है।

दरअसल, नगर निगम रायपुर का क्षेत्रफल करीब 200 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें 70 वार्ड शामिल हैं। शहर के पास 310 एमएलडी क्षमता का जल शुद्धिकरण संयंत्र है, जो 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से राजधानी की 15 लाख आबादी को जल आपूर्ति करता है। इसके बाद भी जीआईएस सर्वे बताता है कि 2 लाख 60 हजार भवनों में से 1 लाख 95 हजार आवासीय व व्यावसवायिक प्रतिष्ठानों में नल कनेक्शन हैं, यानी आज भी बड़ी आबादी या तो टैंकर या फिर वैकल्पिक स्त्रोतों पर निर्भर है।

नगर निगम के जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर के 70 वार्डो में प्रतिदिन पानी की डिमांड 270 एमएलडी है, लेकिन फिल्टर प्लांट से रोजाना औसतन 300 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शहर को की जाती है। 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी कहां खप रहा है इसका हिसाब अब तक अफसर नहीं लगा पाए। पर्याप्त जल आपूर्ति के बाद भी शहर के कुछ इलाकों में पानी का प्रेशर कम होने, टंकियां पूरी तरह नहीं भरने और टेल एंड तक पर्याप्त फोर्स से पानी नही पहुंचने की शिकायत आम बात है। इसके चलते नगर निगम प्रशासन के उपर हर साल पानी टैंकरों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023 में 29 किराये के पानी टैंकर पर जल विभाग ने 58 लाख रुपए खर्च किए। साल 2024 के गर्मी सीजन में जलसंकट प्रभावित इलाकों में जल आपूर्ति के लिए 48 पानी टैंकर किराये के लिए गए इसके एवज में अनुबंधित ठेकेदारों को 1 करोड़ 68 लाख रुपए का भुगतान करने की नौबत आई। वर्ष 2025 के गर्मी सीजन में किराये के पानी टैंकरों की संख्या बढ़कर 53 तक जा पहुंची, इस पर 2.04 करोड़ का खर्च आया। यानी हर साल किराये के पानी टैंकरों की संख्या घटने के बजाय बढ़ती जा रही है। गत वर्ष शहर के 54 वार्ड गंदे पानी की समस्या से परेशान रहे। इसकी एक बड़ी वजह पुरानी पाइप लाइन के पानी की सप्लाई को बताया गया। ये पाइप लाइन या तो खराब रही या इसके अधिकांश हिस्से में कोई न कोई दिक्कत रही। शहर के आउटर और ऐसे इलाके जहां दो तीन साल से नई कालोनियां बसी वहां इस तरह की समस्या देखने को मिली। एक अरसे बाद अब नगर निगम ने पूरे शहर के पाइप लाइन का सर्वे कराया है। जोनवार सर्वे में कौन सी जगह किस पाइप लाइन को बदलनी है इसकी प्लानिंग हो रही है। गंदा पानी आने की समस्या शहर के रामनगर, पेंशनबाड़ा, बैरनबाजार, गायत्री नगर कुशालपुर, सड्डू ,लभांडी, बोरियाकला और भाठागांव इलाके में सामने आई है। नगर निगम जल विभाग के अधिकारियों का कहना है पिछले साल गर्मी में शहर के 21 वार्ड ऐसे रहे जहां पेयजल की समस्या आंशिक रूप से रही। इसके अलावा 25 वार्ड जल संकट के दृष्टि से संवेदनशील रहे जहां जलसंकट प्रभावित इलाके में लोगों की प्यास बुझाने पानी टैंकर की व्यवस्था करनी पड़ी। इसमें निगम के विभागीय टैंकर के अलावा किराये के पानी टैंकर भी चलाए गए। इस बार इन इलाकों में 56 किलोमीटर नई पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसकी लागत करीबन 11.68 करोड़ है।

15 फरवरी के बाद से सरकारी खरीदी पर रोक, वित्त ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन विभागों में 15 फरवरी से सरकारी खरीदी पर रोक लगेगी। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर कहा है कि 15 फरवरी, 2026 तक जारी किये गये समस्त क्रय आदेशों का भुगतान 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण कर दिया जाना चाहिए। वित्त विभाग ने इस संबंध में शासन के सभी विभाग, राजस्व मंडल, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग का कहना है कि राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाए रखने के लिए स्थायी निर्देश प्रसारित किए गए हैं। इसके बाद भी यह देखा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में अनेक विभागों द्वारा जल्दबाजी में केवल बजट उपयोग करने की दृष्टि से आवश्यकता न होने पर भी सामग्री क्रय की जाती है, जिससे शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरुद्ध हो जाती है। यह प्रकिया शासन के हित में नहीं है। इसीलिए शासकीय क्रय के संबंध में ये निर्देश प्रसारित किए गए हैं।यहां ये प्रतिबंध नहीं होंगे लागूवित्त विभाग ने ये भी साफ किया है कि खरीदी का यह प्रतिबंध कहां लागू नहीं होगा। इसमें शामिल है, केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से तथा एसएनए स्पर्श , विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री प्रतिबंध से मुक्त होगी।

कार्य विभागों के लिए ये होगा

निर्माण विभागों (लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) एवं वन विभाग से संबंधित चालू परियोजनाओं में भंडार की स्थिति का आंकलन करने के बाद आगामी एक माह में उपयोग आने वाली सामग्री, जेलों, शासकीय एवं राज्य कर्मचारी बीमा योजनान्तर्गत चल रहे अस्पतालों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रावासों व आश्रमों में भोजन, कपड़ा, दवाईयों का क्रय तथा अन्य प्रासंगिक व्यय। पोषण आहार हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे खाद्यान का क्रय तथा परिवहन। आसवनियों से खरीदी गई देशी मदिरा का क्रय, पेट्रोल, डीजल, वाहन मरम्मत एवं प्रतिस्थापन मद से वाहनों के क्रय से संबंधित व्यय, लेखन सामग्री से संबंधित क्रय रूपये 5 हजार तक के रूपये 5 हजार तक अन्य आकस्मिक क्रय के देयक, प्रथम अनुपूरक अनुमान में किये गये वाले प्रावधानों के विरूद्ध क्रय इसमें शामिल होगा।

पूर्व मंत्री कवासी आए जेल से बाहर, समर्थक झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री, विधायक कवासी लखमा की बुधवार को रायपुर सेंट्रल जेल से रिहाई हुई। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद कवासी लखमा की जेल से रिहाई हुई है। श्री लखमा एक साल 14 दिन तक जेल में बंद रहे। ईडी और ईओडब्लू ने कवासी लखमा की शराब घोटाला के आरोप में अलग-अलग गिरफ्तारी की थी।

रिहाई की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या में कवासी लखमा के समर्थक जेल परिसर पहुंचे। कवासी लखमा को लेने के लिए विशेष तौर पर उनकी पत्नी बुधनी लखमा जेल परिसर पहुंची हुई थीं। समर्थकों के अनुसार कवासी लखमा की रिहाई की जानकारी बुधनी को जैसे ही दी गई, उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि उनके पति की बुधवार को जेल से रिहाई होगी।

पति की रिहाई की जानकारी मिलने पर बुधनी मंगलवार को ही रायपुर आने की जिद करने लगी थीं। कवासी लखमा की रिहाई के समय बस्तर से नृत्य दल पहुंचे। जेल परिसर के बाहर नृत्य दल बाजे-गाजे के साथ गोंडी नृत्य करते देखे गए। कोंटा से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और समर्थक कवासी लखमा का स्वागत करने जेल परिसर पहुंचे हुए थे। कवासी की रिहाई के समय जेल रोड के मार्ग को कुछ समय के लिए वन-वे कर मार्ग डायवर्ट कर दिया गया था। कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है। कोर्ट ने कहा है, मामले की सुनवाई होते तक कवासी लखमा को राज्य की सीमा से बाहर रहना होगा। इसके साथ ही उन्हें संबंधित कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। वे जहां भी रहेंगे, इसकी जानकारी संबंधित कोर्ट को देनी होगी।

सत्र में शामिल होने अध्यक्ष को देना होगा आवेदन

शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए कवासी लखमा कोंटा के विधायक हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने कवासी लखमा को विधानसभा अध्यक्ष को आवेदन देना होगा।

कवासी पर यह है आरोप

ईडी के आरोपों के मुताबिक कवासी लखमा शराब घोटाला सिंडेकेट की अहम कड़ी थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। ईडी के आरोपों के मुताबिक शराब नीति बदलने में कवासी लखमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बलात्कार के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

बिलासपुर। बलात्कार के आरोप में जेल में बंद आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, बलात्कार नारीत्व का अपमान है। एक महिला के खिलाफ सबसे गंभीर और जघन्य अपरोध में से एक है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। सेशन कोर्ट ने आईपीसी की धारा 506 (आपराधिक धमकी), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने की सज़ा), 342 (गलत तरीके से कैद करना) और 376 (बलात्कार) के तहत दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

याचिकाकर्ता महावीर चैक ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील पेश की थी। याचिका में कहा है, उसके और महिला के बीच अवैध संबंध पहले से थे। आपसी सहमति से महिला ने शारीरिक संबंध स्थापित की थी। पति के सामने आ जाने के बाद झूठी शिकायत दर्ज करा दी गई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि बलात्कार का अपराध नारीत्व का अपमान है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के कई पहलुओं गरिमा, शारीरिक निजता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। यह उसकी गरिमा, शालीनता और सम्मान की जड़ पर चोट करता है। यह अपराध गहरा और स्थायी आघात पहुंचाता है, जिससे उसकी आत्म-सम्मान, स्वायत्तता और आत्मविश्वास टूट जाता है।

डाक्टरों के अभाव से जूझ रहे दो सरकारी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, तीसरे का संचालन पीपीपी मोड में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

गंभीर बीमारी के इलाज के लिए प्रदेश में संचालित तीन सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में से दो डाक्टरों की समस्या से जूझ रहे हैं और तीसरे का संचालन पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। रायपुर का डीकेएस और बिलासपुर का दिलीप सिंह जूदेव हास्पिटल 40 डाक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है, जबकि यहां 135 पद स्वीकृत हैं। सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के अलग कैडर और नियमित भर्ती इसकी बड़ा कारण है।

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को अपनी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए राजधानी तक का सफर नहीं करना पड़े, इसके लिए बिलासपुर और जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई है। इसमें जगदलपुर के अस्पताल का संचालन करने तेलगांना के हेल्थ ग्रुप से समझौता किया गया है। उनके द्वारा अस्पताल में उपकरणों के साथ मानव संसाधन की व्यवस्था भी की गई है। बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। यहां मरीजों को जरूरी इलाज की सुविधा तो मिल रही है मगर आवश्यकताओं के हिसाब से वह काफी कम है। दोनों हास्पिटलों में सबसे बड़ी कमी चिकित्सकों की है। वैसे तो सेटअप के हिसाब से दोनों अस्पतालों में डाक्टरों के कुल 135 पद स्वीकृत है। मगर यहां काम करने वालों की संख्या आधे से भी कम है। दोनों अस्पताल कुल 40 डाक्टर काम कर रहे हैं और 95 पद रिक्त पड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक इसकी प्रमुख वजह डाक्टरों की सीधी भर्ती का अभाव है। पड़ोसी राज्य यानी मध्यप्रदेश में रिक्त पदों पर सीधी और नियमित भर्ती का अधिकार मेडिकल कालेज के डीन और डीएमई स्तर पर पूरी कर ली जाती है जबकि छत्तीसगढ़ में इसके लिए शासकीय स्तर पर पूरी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। राज्य में अब तक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का कैडर नहीं बना है इसकी वजह से उन्हें इस हिसाब से सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। दोनों हास्पिटल में नियमित डाक्टर के रूप में कुल तीन डाक्टर कार्यरत है और संविदा चिकित्सकों की संख्या 37 है। डीके अस्पताल में तो अक्सर डाक्टरों के नौकरी छोड़ने की समस्या सामने आती है। इसकी वजह डाक्टरों के नियमित नहीं किया जाना है। सूत्रों का कहना है कि नियमितिकरण के अभाव में अगर संलग्नीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है तो भी पलायन करने वाले डाक्टरों का रोका जा सकता है।

सर्विस टैक्स की कोई देनदारी नहीं बनती है तो रकम टैक्सपेयर को वापस करनी होगी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सर्विस टैक्स रिफंड के बारे में एक फैसले में साफ़ किया है कि अगर किसी मामले में सर्विस टैक्स की कोई देनदारी नहीं बनती है, तो जांच के दौरान जमा की गई रकम टैक्सपेयर को वापस करनी होगी। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही सर्विस टैक्स रिफंड का आदेश दिया। यह फैसला टैक्सपेयर दीपक पांडे की याचिका पर दिया गया। हाई कोर्ट ने सर्विस टैक्स अपील को मंजूरी देते हुए, डिपार्टमेंट और कस्टम्स, एक्साइज़ और सर्विस टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के ऑर्डर को रद्द कर दिया। डिपार्टमेंट और ट्रिब्यूनल ने फाइनेंस एक्ट, 1994 के सेक्शन 102(3) के तहत टाइम लिमिट खत्म होने का हवाला देते हुए रिफंड क्लेम को खारिज कर दिया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने की।

यह पिटीशन उस ऑर्डर के खिलाफ फाइल की गई थी जिसमें सर्विस टैक्स जांच के दौरान जमा किए गए 14.89 लाख रुपए रिफंड करने से मना कर दिया गया था। टैक्सपेयर ने कोर्ट को बताया कि वह एक रजिस्टर्ड सर्विस टैक्स पेयर है। डिपार्टमेंट ने उसे एक मल्टी-लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट से जुड़ी सर्विस टैक्स लायबिलिटी का आरोप लगाते हुए समन जारी किया था। जांच के दौरान, टैक्सपेयर ने 14.89 लाख रुपए जमा किए। रायपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने बाद में साफ़ किया कि पार्किंग की सुविधा पब्लिक के फ़ायदे के लिए थी और इसका इस्तेमाल किसी कमर्शियल काम के लिए नहीं किया जा रहा था।

टैक्सपेयर को रिफंड देना सही था

इस साफ़ होने के बाद, डिपार्टमेंट ने जांच बंद कर दी और यह नतीजा निकाला कि इस मामले में कोई सर्विस टैक्स की देनदारी नहीं बनती। हाईकोर्ट ने कहा कि जब डिपार्टमेंट ने खुद ही मान लिया था कि कोई सर्विस टैक्स नहीं देना है, तो जांच के दौरान जमा की गई रकम को रोकने का कोई मतलब नहीं था। इसलिए, टैक्सपेयर को रिफंड देना सही था।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व स्टेट बार में महिला आरक्षण पर पूर्व एजी ने लिखा पत्र

33% महिला आरक्षण की व्यवस्था की मांग की

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता व सीनियर एडवोकेट सतीश चंद्र वर्मा ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल में 33% महिला आरक्षण की व्यवस्था की मांग की है। पूर्व एजी ने अपने पत्र में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया है।

पत्र में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि बार एसोसिएशन की कार्यकारी समितियों में 33% (एक तिहाई) सीटें महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित हों। कम से कम एक पदाधिकारी पद (जैसे सचिव या कोषाध्यक्ष) विशेष रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वाले पदों पर आसीन हों। इसके साथ ही कार्यकारी समिति कुल ईसी सीटों में से न्यूनतम 30% से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। आरक्षित विशिष्ट पदाधिकारी पद प्रत्येक चुनाव चक्र में बदलना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि महिलाओं को सभी नेतृत्व भूमिकाओं में अनुभव प्राप्त हो। पत्र में यह भी लिखा है, यदि आगामी 2026 के चुनाव में कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाता है, तो सचिव या उपाध्यक्ष का पद अगले कार्यकाल के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए, जिससे नेतृत्व का एक प्रगतिशील चक्र सुनिश्चित हो सके।

विदेश विवि में दाखिले के लिए नहीं देनी होगी अतिरिक्त परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में गिनी जाने वाली कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने सीबीएसई के छात्रों को बड़ा मौका देने का फैसला लिया है। अब सीबीएसई के कक्षा 12वीं के अंकों के आधार पर कुछ अंडरग्रेज्यूएट कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इससे उन छात्रों को राहत मिलेगी, जो भारत में पढ़ाई करने के बाद सीधे विदेश की टॉप यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना चाहते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने साफ किया है कि अब सीबीएसई से पढ़ाई करने छात्र भी कुछ स्नातक कोर्स में आवेदन कर सकेंगे। पहले कई विदेशी यूनिवर्सिटी में भारतीय बोर्ड के छात्रों को अतिरिक्त परीक्षाएं देनी पड़ती थीं या अलग योग्यता प्रमाण दिखाना पड़ता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया पहले से आसान हो सकती है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक, कैम्ब्रिज भारतीय छात्रों के टैलेंट को पहचानता है और उन्हें बेहतर मौके देना चाहता है। हालांकि एडमिशन सिर्फ 12वीं के अंकों के आधार पर नहीं मिलेगा, बल्कि छात्रों को यूनिवर्सिटी की अन्य जरूरी शर्तें भी पूरी करनी होंगी।

बढ़ेगा शैक्षणिक सहयोग

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने भारत के साथ अपने शैक्षणिक रिश्ते को मजबूत करने के लिए कैम्ब्रिज-इंडिया सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज शुरू करने का फैसला लिया है। यह नया सेंटर रिसर्च, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और नई शिक्षा पद्धतियों पर काम करेगा। इस सेंटर का मकसद भारत की तेजी से बढ़ती नॉलेज इकॉनमी को वैश्विक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। इसके जरिए भारतीय छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने और काम करने का मौका मिलेगा।

रिसर्च-इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा

यह सेंटर भारत और ब्रिटेन के बीच शिक्षा और रिसर्च सहयोग को नई दिशा देगा। इस सेंटर के माध्यम से दोनों देशों के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और छात्र मिलकर नई खोज और तकनीकी विकास पर काम कर सकेंगे। इस पहल से भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी और छात्रों को आधुनिक रिसर्च सुविधाएं भी मिलेंगी। आने वाले समय में यह सेंटर टेक्नोलॉजी, साइंस और सोशल साइंस जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

जिस विषय की परीक्षा, उसके शिक्षक नहीं बन सकेंगे पर्यवेक्षक

20 फरवरी से प्रारंभ होगी माशिम की बोर्ड परीक्षाएं, केंद्राध्यक्षों को दिए गए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

10वीं-12वीं की जिस विषय की परीक्षा होगी, उस विषय के शिक्षक उस दिन परीक्षा केंद्र में अपनी सेवाएं नहीं देंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। मंडल ने परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से करने राज्य के 33 जिलों के समन्वय केन्द्र के केन्द्राध्यक्षों तथा नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं मूल्यांकन केन्द्राधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित की। माशिम के सभा कक्ष में इसका आयोजन हुआ। इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। अब वे अपने स्कूलों के शिक्षकों को इस संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रथम चरण में समन्वय संस्था के एवं नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष शामिल हुए एवं द्वितीय चरण में समस्त मूल्यांकन केन्द्रों के नियुक्त केन्द्राध्यक्ष मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित हुए।

पर्यवेक्षण कार्य में नहीं ले सकेंगे लिपिक की सेवाएं

मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा, दिव्यांगजन परीक्षार्थियों के लिए भुतल पर बैठक व्यवस्था की जाए। दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे- लेखक व्यवस्था आदि नियमानुसार किए जाएं। परीक्षा दिवस में आयोजित विषय से संबंधित शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में सेवाएं नहीं लिए जाने सहित केन्द्र के बाहर गेट में ताला न लगाए जाने निर्देशित किया गया। मंडल सचिव पुष्पा साहू ने निर्देश पुस्तिका का गंभीरता के साथ अवलोकन करते हुए कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया। प्रशिक्षण के दौरान परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए दो पंक्तियों के मध्य पर्याप्त अंतर रखने की बात कही। परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, परीक्षा पूर्व तैयारी व परीक्षा समाप्ति पश्चात की कार्यवाही के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, लिपिक, भृत्य की नियुक्ति नियमानुसार करने कहा गया। पर्यवेक्षण कार्य में लिपिक की सेवाएं नहीं लेने, छात्राओं वाले कक्ष में एक महिला पर्यवेक्षक अनिवार्य रूप से नियुक्त करने कहा गया।

नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के हवाले

नंदनवन में अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

नंदनवन पक्षी विहार का संचालन रायपुर वनमंडल को दे दिया गया है। इसके पूर्व नंदनवन का संचालन जंगल सफारी प्रबंधन करता था। नंदनवन में जारी अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद वनमंत्री केदार कश्यप तथा क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत नंदनवन पक्षी विहार का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान वनमंत्री ने नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्देश दिए थे।

जारी आदेश के मुताबिक 31 जनवरी 2026 को नंदनवन पक्षी विहार को रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार नंदनवन पक्षी विहार के बाड़े में पक्षियों की सुरक्षा, रख-रखाव की जिम्मेदारी रायपुर वनमंडल करेगा। मंत्री ने नंदनवन को नए सिरे से संवारने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक खर्च के लिए 30 लाख रुपए आबंटित किया गया है।

ग्रामीणों ने किया था विरोध

नंदनवन में चूहों ने सैकड़ों की संख्या में अपने लिए बिल बना लिए हैं। चूहा पक्षियों के दाना चुगने बिल से निकलते हैं। दाना चूगने के दौरान चूहों के कुतरे जाने से कई विदेशी पक्षियों की मौत हो गई थी। चूहों के कुतरने से पक्षियों की मौत होने के बाद सफारी प्रबंधन नंदनवन से विदेशी पक्षियों को शिफ्ट करने की फिराक में था। इस दौरान सफारी प्रबंधन कुछ विदेशी पक्षियों को जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर ग्रामीण नंदनवन पहुंच जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पक्षियों को ले जाने से रोका। इसी तरह ग्रामीणों के विरोध के चलते सफारी प्रबंधन नंदनवन से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट नहीं कर पाए। नंदनवन के रायपुर वनमंडल में शामिल होने के बाद अब वहां से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया जाएगा।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

इन किसानों का धान लिया जाएगा

धान खरीदी के अंतिम दिन तक जिन किसानों को टोकन जारी किया गया था, उनमें 12530 को टोकन कैंसल कर दिया गया था।इन किसानों को दो दिन होने वाली खरीदी में शामिल किया जाएगा। साथ ही 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए 29, 591 किसानों के धान का भौतिक सत्यापन सही पाए जाने के बाद भी समितियों ने टोकन जारी नहीं किया था। वहीं 7966 ऐसे किसान थे जिन्होंने धान बेचने टोकन के लिए आवेदन लगाया, लेकिन उनके धान का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया।अब दो दिन होने वाली खरीदी में उन किसानों का धान खरीदी किया जाएगा।

नारायणपुर में सबसे कम किसान वंचित, तीन श्रेणियों के किसानों को मोका मिलेगा

50 हजार किसान ऐसे, जिनके टोकन कट चुके, पर धान नहीं बिका इनमें महासमुंद में सबसे ज्यादा, आज और कल इनके लिए मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी की अवधि समाप्त होने के बाद राज्य के तकरीबन 50 हजार किसान टोकन कटाने या आवेदन के बाद भी धान नहीं बेच पाए। इनके लिए अब 5 और 6 तारीख को मौका है। गौरतलब है, समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में ऐसे किसान जिनके टोकन कटे थे, उनसे धान खरीदी 5 और 6 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया है। तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया गया, किंतु सत्यापन नहीं हो पाया है, ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी के बाद आवेदन किया गया तथा सत्यापन के बाद उनके पास धान पाया ▶▶|शेष पेज 5 पर

महासमुंद में सबसे अधिक, दंतेवाड़ा में सबसे कम

धान खरीदी के लिए सबसे अधिक वंचित किसानों की संख्या महासमुंद जिले के हैं, जहां के किसानों के 5724 टोकन से धान खरीदा जाएगा। दूसरे नंबर में बेमेतरा जिला है जहां पर किसानों के 3860 टोकन से धान खरीदा जाएगा। कवर्धा में 3114 टोकन से खरीदी होगी। दुर्ग जिले में 2692, बलौदाबाजार में 2250, कांकेर में 1776, सूरजपुर में 1490, बिलासपुर में 1147, बलरामपुर में 1107 और रायपुर में 1102 टोकन धारी किसानों को धान बेचने का मौका मिलेगा। वहीं दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम 149 और नारायणपुर जिले में 165 टोकन धारी किसानों का धान बेचने का मौका दो दिन मिलेगा।

2.42 लाख टन धान की और खरीदी होगी

राजय सरकार द्वारा लिए निर्णय के बाद 50 हजार से अधिक किसानों से लगभग 2 लाख 42 हजार 569 मीट्रिक टन धान खरीदी हो सकती है। टोकन धारी किसानों के अलावा ऐसे भी किसान हैं जिन्हें धान बेचने टोकन ही नहीं मिला और न ही कोई आवेदन समितियों में दे पाए हैं, ऐसे किसानों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

शाह के कश्मीर दौरे से पहले श्रीनगर में तलाशी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के आबी गुजर इलाके में सुरक्षा बलों ने बुधवार को अचानक घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घाटी के निर्धारित दौरे से ठीक तीन दिन पहले हुआ है। सुरक्षा बलों ने आबी गुजर इलाके की ओर जाने वाले सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं को सील कर दिया।

कार के नहर में गिरने से दो की मौत

जालौन। यूपी में जालौन जिले में कोट्रा-ऐट मार्ग पर बुधवार को एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश में कार नहर में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे करथारा मोड़ के पास हुई। पच्छीपुरा गांव के रहने वाले जितेंद्र (50) और इंद्रपाल (55) किसी काम से कोटरा आए थे और वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार की एक मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई।

दुरुपयोग रोकने ढाई करोड़ आधार नंबर निष्क्रिय

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा को बताया कि

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दुरुपयोग को रोकने के लिए 2.5 करोड़ से अधिक मृत व्यक्तियों के आधार नंबर निष्क्रिय कर दिए हैं।

से कोपनहेगन के लिए सेवा 17 से स्थगित

नई दिल्ली। इंडिगो ने विदेशी परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण अपने लंबी दूरी के उड़ान कार्यक्रम में बदलाव करने की घोषणा की। इसके तहत 17 फरवरी से कोपनहेगन के लिए उड़ानों का संचालन स्थगित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, एयरलाइन दिल्ली-लंदन हीथ्रो और दिल्ली-मैनचेस्टर मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती करेगी। उसके बड़े आकार के विमानों को परिचालन से संबंधित बाहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

मलकानगिरी 'नक्सल मुक्त' जिला घोषित

मलकानगिरी। ओडिशा का मलकानगिरी जनपद जो कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, 21 लाख रुपए के इनामी मओवादी सुखराम मरकाम के पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद नक्सल-मुक्त जिला घोषित किया गया। मलकानगिरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिनोद पाटिल एच. ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा की क्षेत्र समिति के सदस्य मरकाम ने एक एसएलआर राइफल, गोला-बारूद और अन्य सामान भी पुलिस को सौंपा।

पूर्व सेना प्रमुख की किताब सदन में रखना चाहते थे राहुल, नहीं मिली इजाजत

विपक्ष की महिला सांसदों ने पीएम की कुर्सी को घेरा, जमकर हंगामा, नहीं बोल पाए मोदी

खास बातें

- संसद से सड़क तक हंगामा : लोकसभा में दिनभर चला विरोध
- भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने पं. नेहरू, इंदिरा पर साधा निशाना

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण टाल दिया गया। दिनभर चले विरोध, नारेबाजी और बार-बार स्थगन के बाद शाम को जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तब हालात और बिगड़ गए। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी डर गए, वहीं भाजपा सांसद ने पलटवार करते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को हरा रही है इसलिए वे हमारे संसद को बोलने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस से जवाब मांगेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े मुद्दे उठाने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब गुरुवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए जाने की संभावना से जुड़ी खबरों के बीच, पांच बजे सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा ▶▶|शेष पेज 5 पर

भाजपा का आरोप, विपक्ष पर गंभीर सवाल

पीएम मोदी का संबोधन टालने पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि यह विरोध पहले से तय योजना के तहत किया गया था। उनका दावा है कि महिला सांसद प्रधानमंत्री की सीट के आसपास घेराव जैसी स्थिति बना रही थीं। उन्होंने कहा कि स्थिति डराने वाली थी और संसदीय कार्य मंत्री कंवल जीत सिंह ढिल्लों की तत्परता से हालात काबू में आए। वहीं, विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक विरोध बताया।

क्या हुआ सदन में, कैसे बढ़ा हंगामा?

सदन में विवाद की शुरुआत उस मुद्दे से हुई जब विपक्ष ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित किताब का हवाला देने से रोका गया। इसी मुद्दे पर विपक्षी दल लगातार विरोध कर रहे थे।

पीठासीन सभापति ने कार्यवाही की स्थगित

स्पीकर की जगह पीठासीन सभापति संध्या राय सदन चला रही थीं। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा। ट्रेजरी बेंच के पास विरोध जारी रहने पर कार्यवाही स्थगित कर दी गई। बाद में कई केंद्रीय मंत्रियों के समझाने पर महिला सांसद वहां से हटीं। लेकिन तब तक प्रधानमंत्री का संबोधन नहीं हो सका और दिन की कार्यवाही खत्म कर दी गई।

राहुल ने क्या कहा?

बदलते हुए मौसम के दिनों में अपने हेल्थ-फिटनेस को रीस्टार्ट करना इसलिए जरूरी है क्योंकि सर्दियों में शरीर सुस्त हो जाता है। खान-पान भारी रहता है और गतिविधियां कम या बिल्कुल कम रहती हैं। लेकिन मिड फरवरी से शरीर उस सुस्ती से बाहर निकलने लगता है। धूप में हल्की गमाईश आ जाती है। सुबह जल्दी रोशनी दिखती है और दिन में अधिक वर्कआउट करने पर तो पसीना भी आने लगता है। ऐसे में एक्सरसाइज शुरू करना तुलनात्मक रूप से न सिर्फ आसान बल्कि ज्यादा फायदेमंद भी होता है। लेकिन यह ध्यान रखें कि इस महीने में एकदम से एक्सरसाइज का टफ रूटीन न अपनाएं। बजाय इसके इस महीने में धीरे-धीरे फिर से एक्सरसाइज की आदत डालें और जैसे-जैसे दिन बीतें उसे तेज करते चलें। ऐसा करने से यह महीना, साल का शानदार फिटनेस मंथ बनकर उभरता है। दरअसल फरवरी का महत्व इसलिए है कि इसमें शुरुआत करना आसान और एक्सरसाइज में सुधार के साथ निरंतरता कायम करना बेहतर रहता है। लेकिन रीस्टार्ट के समय कभी बहुत ज्यादा समय तक जिम न करें। इससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। इस महीने में एक्सरसाइज के छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और कोशिश करें कि उनमें नियमितता रहे। अगर हर दिन 30 मिनट भी दिए जाएं तो बहुत उपयोगी रहेगा।

एक्सरसाइज रूटीन हो ऐसा

इस मंथ के लिए आप अपना एक्सरसाइज रूटीन कुछ इस तरह का बना सकते हैं-

- मॉर्निंग वॉक करें, जिसमें हल्की जॉगिंग भी शामिल हो। इसके लिए 30-40 मिनट तक तेज-तेज चलें और सप्ताह में तीन दिन पांच से लेकर दस मिनट तक इस वॉकिंग में तेज जॉगिंग को भी जोड़ें।
- इस मौसम में एक्सरसाइज के लिए सबसे आदर्श जगह खुले पार्क, छत या धूप वाली कोई बेहतर जगह होती है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। फैट बर्न होता है और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए भी शरीर तैयार होता है। एक हफ्ते की मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग के बाद अगले हफ्ते तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करनी चाहिए।
- घर पर किए जाने वाले बेसिक अभ्यास में 15-15 स्क्वेट तीन बार। 10-10 पुशअप्स, तीन बार। प्लेंक, 30-30 सेकेंड तीन बार। इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं। अगर इस ट्रेनिंग के साथ-साथ इसमें योग और स्ट्रेचिंग को भी मिला लें, हर दिन सिर्फ 20 मिनट तो समझिए और भी फायदेमंद होगा। योग और स्ट्रेचिंग के लिए हर दिन सूर्य नमस्कार 8 से 12 राउंड के अलावा भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्त आसन, फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर का लचीलापन बढ़ता है और जोड़ों की अकड़न खत्म होती है।
- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना न भूलें। इसके लिए 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और 5 मिनट कपालभाती करें। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और इम्यूनिटी बेहतर होती है।

सीजन के अनुसार डाइट प्लान

हेल्दी-फिट रहने के लिए केवल एक्सरसाइज करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए न्यूट्रीशस डाइट प्लान फॉलो करना भी जरूरी होता है। इसके लिए फरवरी के महीने में शरीर को हैवी से लाइट डाइट की तरफ शिफ्ट करना चाहिए। इन दिनों के लिए डाइट प्लान कुछ इस तरह से बनाएं-

- मौसमी सब्जियां जैसे गाजर, चुकंदर, पत्तागोभी और पालक को अपनी नियमित डाइट में शामिल करें।
- फलों में संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करना बहुत लाभकारी है।
- इस महीने में प्रोटीन के लिए दाल, दही, पनीर को जरूर शामिल करें। अगर नॉनवेज खाते हैं तो अंडा भी खा सकते हैं।
- इस बदलते मौसम में शरीर के लिए साबुत अनाज खाना भी फायदेमंद होता है। खासकर ओट्स, ब्राउन राइस और बाजरा जरूर खाना चाहिए।
- अच्छी डाइट के साथ यह जानना भी जरूरी है कि इन दिनों क्या चीजें न खाएं या कम खाएं? तली-भुनी चीजें, ज्यादा मीठा, पैकेज्ड स्नैक्स और देर रात खाने से बचना चाहिए।

याद रखें, सीजन के अनुसार डाइट में सुधार करना, फिटनेस रीस्टार्ट का सबसे कारगर स्टेप होता है।

इस माह वजन कैसे घटाएं

सर्दियों के मौसम में अधिक भोजन करने और वर्कआउट में कमी से अकसर लोगों का वजन बढ़ जाता है। फरवरी में आमतौर पर इसे कम करने की प्रक्रिया शुरू होती है। क्योंकि फरवरी के लास्ट में बदन से पसीना निकालना आसान होता है, फरवरी में दिसंबर और जनवरी महीनों के मुकाबले मूवमेंट करना सहजता से संभव होता है। लेकिन ये सब फायदे तभी मिल सकते हैं, जब आप भूख नियंत्रित करें और खाने के तीन जरूरी नियमों का पालन करें। मसलन, रात का खाना शाम 6 से 7 बजे तक हर हाल में खा लें। रोज कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलें। मीठे पेय जितना संभव हो बंद कर दें और शरीर के साथ-साथ मानसिक फिटनेस के लिए हर दिन पांच मिनट ध्यान जरूर लगाएं। साथ ही सुबह के समय धूप का सेवन करें और अपने स्क्रीन टाइम को घटाएं।

आसान है हेल्थ मेंटेन करना

वैज्ञानिक दृष्टि से फरवरी माह के बदलते मौसम में आप अपनी फिटनेस दुरुस्त कर सकते हैं। क्योंकि इस माह के मिड से लास्ट आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर तापमान 15 से 25 डिग्री के बीच रहने लगता है, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए आदर्श तापमान होता है। कई रिसर्च बताती हैं कि मध्यम तापमान में व्यायाम करने से हार्ट रेट स्थिर रहता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। इसलिए सर्दियों के मुकाबले गुलाबी सर्दी वाले इस महीने में हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन रखना आसान होता है। *

हेल्थ के लिए अधिक लाभकारी पेड़ पर लगने वाली सब्जियां

डाइट

राजकुमार 'दिनकर'

हालांकि सभी सब्जियों और फलों में अलग-अलग स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं। लेकिन वनस्पति वैज्ञानिकों के अनुसार पेड़ पर लगने वाली सब्जियां चूंकि कम पानी, ज्यादा धूप और गहरी जड़ों से खूब सारे खनिज खींचने की क्षमता रखती हैं, इसलिए इन सब्जियों में खनिज तत्व, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर की मात्रा, जमीन के भीतर या उसकी सतह पर लगने वाली सब्जियों से काफी ज्यादा होती है। ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जानिए।

सहजन: सहजन या मोरिंगा, जिसकी फलियां पेड़ पर लगती हैं, में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6, कैल्शियम, पोटेशियम की काफी ज्यादा मात्रा पाई जाती है। सहजन की पत्तियों को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। थायरॉइड और एनीमिया में फायदा होता है।

कटहल: कटहल को प्लांट बेस्ड मीट भी कहते हैं। इसमें प्रोटीन, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। कच्चा कटहल पाचन के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें शुगर बहुत कम होती है, जबकि इसका बीज आयरन से भरपूर होता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों के लिए यह बीज बहुत फायदेमंद होता है। कटहल में पेट भरा रखने वाला फाइबर भी काफी मात्रा में होता है, जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

केले का फूल: बनाना ब्लॉसम यानी केले के फूल को सबसे अच्छा हार्मोनल बैलेंसर माना जाता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से डायबिटीज, पाचन और पीसीओडी को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है।

कंदाल: कंदाल यानी ब्रेड फ्रूट, ऊर्जा और फाइबर का भंडार होती है। इसमें उच्च स्तर का स्टार्च होता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें अच्छी क्वालिटी का फाइबर मिलता है, जिससे कोलन की सफाई होती है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। *

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। किसी समय तेज ठंडी तो किसी समय तापमान सामान्य हो जाता है। ऐसे में बीमार होने से बचने के लिए आप कुछ योगासनों का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

बदलते मौसम के रोगों से बचाएंगे ये योगासन

योगोपचार

संध्या रानी

हालांकि कुछ राज्यों में सर्दी का प्रकोप बना हुआ है लेकिन कई स्थानों पर मौसम बदलने लगा है। ठिठुरन कम होने लगी है। ऐसे में लापरवाही बरतना आपको बीमार कर सकता है। इसलिए शरीर को गर्म रखना जरूरी है। इसके लिए योग से बेहतर कोई दूसरा सरल कारगर माध्यम नहीं है। कुछ आसन आपके दिमाग के साथ-साथ शरीर को भी पूरे दिन फ्रेश और गर्म रख सकते हैं। हालांकि इस मौसम में आलस और थकान भी बनी रहती है। इसलिए बदलते मौसम के साथ अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो शरीर को गर्म रखने में सहायक हो। शरीर को गर्म रखने के लिए अपनी दिनचर्या में कुछ योगासन को शामिल करके अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं और ठंड से भी राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं यह शरीर को लचीला बनाने के साथ सक्रिय भी बनाता है। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं, जिनको करने से आप स्वस्थ ही नहीं, बल्कि ठंड से भी राहत पा सकते हैं।

सूर्य नमस्कार: सूर्य नमस्कार कई आसनों का एक साथ लाभ देता है। इसके बारह स्टेप्स होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर को एक्टिव रखने में मदद करते हैं। इस आसन को करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं। इतना ही नहीं इस आसन को करने से तुरंत गर्मी आती है और हमारी मांसपेशियों का तनाव भी दूर होता है। इसलिए ठंड से बचने के लिए इस योगासन को जरूर करना चाहिए। इसे करने से सभी अंगों का एक्सरसाइज हो जाती है। लेकिन एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी क्षमता के अनुसार ही धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाएं।

भुजंगासन: यह आसन पेट के बल लेट कर किया जाता है। यह आपके फेफड़े को खोलता है। इसे करने से कमर दर्द में राहत मिलती है। यह आसन न सिर्फ रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आपके शरीर के तापमान को भी बनाए रखने में सहायक होता है।

हलासन: यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है और पाचन की समस्याओं को सुधारता है। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह पेट की चर्बी को घटाने में, अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने में और मानसिक शांति के लिए सबसे बेहतर आसन माना जाता है। हार्निया, हाई ब्लडप्रेशर, पीठ, गर्दन में गंभीर चोट या गर्भावस्था के दौरान इस आसन को नहीं करना चाहिए।

ताड़ासन: इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इससे खून का बहाव तेज होता है और अकड़न दूर होती है। जिन्हें हार्निया की शिकायत हो, वे इस आसन को न करें।

कपालभाति प्राणायाम: किसी भी आसन में बैठ जाएं। अपनी आंखों को बंद कर लें और चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब दाएं नाक के छिद्र को दाएं अंगूठे से बंद कर बाएं नाक से सामान्य सांस अंदर लेकर उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकालें। यह अभ्यास बीस बार कीजिए। फिर यही अभ्यास बाएं नाक के छिद्र से भी करें। फिर अंत में यह क्रिया दोनों नाकों से करें।

ध्यान: किसी आरामदायक आसन में बैठ जाएं और अपने सिर और गले को सीधा कर लें। अपने हाथों को घुटने पर रख लें। आंखों को ढीला कर और चेहरे को हल्का बनाकर ढीला छोड़ दें। अब अपने सांस पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। इसे दस से पंद्रह मिनट प्रतिदिन करने का अभ्यास करें।

यहां बताए गए आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

(योग आचार्य (डॉ.) कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)

प्रथम पृष्ठ का शेष

मोबाइल गेम्स की...

उनके बहुत ज़्यादा गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कोरियन 'टास्क-बेस्ड' गेम वह होते है जिसमें खिलाड़ी को लक्ष्य दिए जाते हैं और उसी से गेम आगे बढ़ता है। पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल ने बताया कि जांच में पता चला कि लड़कियां कोरियन सामग्री से बहुत अधिक प्रभावित थीं और अपने मोबाइल फोन पर काफी समय बिताती थीं। उन्होंने कहा, परिवारवालों ने पिछले कुछ दिनों से उनके मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे परेशान थीं और संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस को मंगलवार देर रात दो बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली कि साहिबाबाद इलाके में टीला मोड़ थना क्षेत्र में 'भारत सिटी' के एक टावर में नौवीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी से तीन लड़कियों ने छलांग लगा दी है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि स्थानीय निवासी चेतन कुमार की तीनों बेटियां निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12), भूतल पर गिरी थीं और बुरी तरह से घायल थीं। उन्हें एम्बुलेंस से लोनी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। **नहाने से खाने तक सब साथ-साथ-** पुलिस के मुताबिक, बहनें कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गेम की आदी हो गई थीं और अक्सर लगातार कोरियन गेम खेला करती थीं। सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा, तीनों सब कुछ एक साथ करती थीं- नहाने से लेकर खाने तक और सोने से लेकर स्कूल जाने तक। पुलिस उपायुक्त पाटिल ने बताया कि लड़कियां पिछले दो वर्ष से स्कूल नहीं जा रही थीं। उन्होंने कहा कि पहले भी पढ़ाई में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। उन्होंने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि मोबाइल फोन और गेमिंग की लत उन्हें कब से थी और जांच शुरुआती दौर में है, लेकिन यह साफ है कि लड़कियां मोबाइल फोन के इस्तेमाल की बहुत अधिक आदी थीं। **डायरी में लिखी यह बातें-** छानबीन के दौरान, पुलिस को लड़कियों की एक डायरी मिली है जिसमें घटना से जुड़ी सामग्री है। अंदर मिले एक नोट में लिखा है, इस डायरी में लिखी हर बात पढ़ लेना, सब यहीं है। इसके साथ रोते हुए चेहरे का इमोजी बना था और लिखा था, 'माफ करना पापा, मुझे सच में बहुत अफसोस है। लड़कियों के पिता चेतन कुमार ने कहा कि उनकी बेटियां बार-बार कोरिया जाने की बात कहती थीं। कुमार ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि उन्हें बिल्कुल भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि उस गेम में इस तरह के लक्ष्य दिए जाते हैं, जो बच्चों को खतरनाक कदम उठाने के लिए उकसा सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया—00 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त नियम (2024–25 से लागू प्रक्रिया) 00 प्लेटफॉर्म्स को जिम्मेदार ठहराने की तैयारी 00 मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता **जापान**— 00 कई शहरों में स्कूल के बाद मोबाइल-गेमिंग समय तय
00 "डिजिटल वेलबीइंग" को पारिवारिक नीति का हिस्सा बनाया गया 00 माता-पिता के लिए गाइडलाइन
दक्षिण कोरिया— 00 पहले से ही गेमिंग कर्फ्यू 00 अब उससे आगे बढ़कर स्क्रीन एडिक्शन ट्रीटमेंट सेंटर 00 मोबाइल लत को मानसिक स्वास्थ्य समस्या माना गया

10 जिलों में ...

या गंभीर खतरे को जल्दी खत्म करना होता है। एसओजी एक खास तरह की प्रशिक्षित टीम होती है, जिसे ऐसे खतरनाक कामों के लिए तैयार किया जाता है।
नवा रायपुर में वृहद बहुमंजिला भवन - नवा रायपुर अटल नगर में शासकीय विभागों तथा निगम मंडल के कार्यालयों के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा एक वृहद बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय लिया गया है और यहां विभागों को स्पेस आबंटित किया जाएगा, ताकि भूमि का पूर्ण उपयोग किया जा सके। **नीति में हो सकेगा संशोधन भी-** कैबिनेट ने इस नीति में भविष्य में आवश्यक संशोधन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को अधिकृत किया है। इस नीति से आईटी ढांचे में लागत में कमी, संचालन में दक्षता, बेहतर साइबर सुरक्षा, आपदा के समय सेवाओं की निरंतरता तथा नागरिक सेवाओं की 24 घंटे 7 दिन उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही नागरिकों के डेटा की सुरक्षा, पारदर्शिता और ट्रैकिंग व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। **मोबाइल टावर योजना नेटवर्क विहीन क्षेत्रों के लिए-** छत्तीसगढ़ राज्य में डिजिटल अवसंरचना को विस्तार देने के लिए मोबाइल टावर योजना का अनुमोदन किया गया है। भौगोलिक विषमता और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी सीमित होने से शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। इस योजना से मोबाइल टावर स्थापना हेतु चयनित सेवा प्रदाताओं को अनुमति और प्रशासनिक स्वीकृतियों की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध किया जाएगा। **नेटवर्क विस्तार से होगा ये फायदा-** मोबाइल टावर योजना के अंतर्गत चयनित मोबाइल नेटवर्क विहीन बसाहटों में टावर की स्थापना की जाएगी। डिजिटल कनेक्टिविटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, ई गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार होगा, सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। योजना से सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा विशेष कर वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुविधा उपलब्ध होने से प्रशासनिक कार्य में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। मोबाइल टावर योजना के लागू होने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, आपातकालीन सेवाएं डायल 112 जैसी योजनाओं की पहुंच दूरस्थ इलाकों के नागरिकों तक सुगमता से होगी।

घूस लेते पकड़े...

कौशिक से रिश्वत की मांग की थी। खरीदी केंद्र प्रभारी की शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछा कर दोनों को रिश्वत लेते रंगे हांथो पकड़ा। डीएसपी एसीबी बिलासपुर अजितेश सिंह ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र चोरभट्ठी के प्रभारी धीरेन्द्र कुमार कौशिक द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि उसके धान उपार्जन केंद्र में नायब तहसीलदार श्रीमती करुणा आहेर और उच्चभट्ठी पटवारी आयुष कुमार ध्रुव ने पूर्व में निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी कार्य में अव्यवस्था की बात कहकर पंचनामा तैयार किया गया और बड़े अधिकारियों को रिपोर्ट न भेजने के एवज में 35 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। उपार्जन केंद्र प्रभारी धीरेन्द्र कुमार कौशिक ने रिश्वत देने की बजाए दोनों को पकड़वाने की योजना बनाई। मामले की शिकायत उसने एसीबी में की। सत्यापन कराने पर एसीबी ने शिकायत सही पाई और ट्रैप की योजना तैयार की गई।

चांदी तीन लाख...

अनुसार, चांदी 14,300 रुपए, या 5.03 प्रतिशत बढ़कर 2,98,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछली सत्र में चांदी 2,84,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी तेजी से बढ़ा और 7,400 रुपए या 4.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,65,100 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि मंगलवार को यह 1,57,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। **अमेरिका-ईरान के बीच तनाव -** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस, सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से सुरक्षित निवेश की नई खरीदारी के कारण बुधवार को सोने और चांदी में तेजी आई। गांधी ने कहा, यह टकराव इस सप्ताह के आखिर में होने वाली अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता को लेकर उम्मीदों को कमजोर करता है और अमेरिका और ईरान के बीच और ज़्यादा टकराव की संभावना के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिससे सोने पर जोखिम प्रीमियम बढ़ सकता है और सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में बहुमूल्य धातुओं की मांग बढ़ सकती है।

बीच हवा में...

खराबी के कारण कोलकाता की ओर जाने देने का अनुरोध किया। **आग पर काबू पा लिया-** मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विमान ने पूरी आपातकालीन स्थिति में यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और इंजन में लगी आग पर अपराह्न 1.51 बजे तक काबू पा लिया गया। इसमें कहा गया है कि उड़ान के दौरान ही विमान में लगी आग पर काबू पा लिया गया था। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों के घायल होने की सूचना नहीं है। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि आधुनिक मल्टी-इंजन जेट विमानों को केवल एक इंजन के संचालन के साथ सुरक्षित रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन विमानों में आग की पहचान करने और उसे बुझाने की अत्याधुनिक प्रणालियां भी लगी हैं।

50 हजार किसान...

गया है। ऐसे किसान, जिन्हें 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे। ऐसे किसानों की संख्या करीब 50,087 है।राज्य सरकार ने किसानों द्वारा लगातार धान खरीदी की अवधि बढ़ाए जाने की मांग किए जाने पर जिलेवार धान नहीं बेवच पाने वाले किसानों की संख्या की जानकारी मंगाई। 31 जनवरी को धान खरीदी की अंतिम तारीख थी। खरीदी के लिए 10 जनवरी के बाद से किसानों का टोकन काटना बंद कर दिया गया था। जिन किसानों का टोकन 31 जनवरी की तारीख का कटा था, उनमें से अधिकतर का धान 28 और 29 तारीख को किए जाने का एलान किया गया था। ऐसे किसान जिन्होंने 10 तक टोकन नहीं कटाया था, उनको टोकन ऑनलाइन के बजाय सोसायटियों में आवंदन देकर लेने कहा गया था। ऐसे किसानों को धान का भौतिक सत्यापन कराने के बाद ही टोकन जारी किए जाना था। धान खरीदी की अवधि खत्म होने के बाद ऐसे हजारों किसानों को टोकन जारी नहीं किया जा सका। समितियों और जिला प्रशासन की गलती के कारण ऐसे किसानों को धान बेचने से वंचित होना पड़ा।

विपक्ष की महिला...

में कुछ किताबों का जिक्र करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा और इस मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण भी सदन की कार्यवाही एक बार स्थगित करनी पड़ी। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान, विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, सदन के अंदर मर्यादित आचरण और व्यवहार करना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। शोर-शराबा नहीं थमने पर उन्होंने पांच मिनट बाद ही बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वक्तव्य पढ़ा। बिरला ने इस दौरान आसन के समीप और सत्तापक्ष की पंक्तियों के सामने आकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा, इस देश में अलग- अलग समय आप सरकार में रहे हैं। उसके बावजूद आप सदन की परंपराओं और मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं।कांग्रेस सदस्यों के हाथों में पूर्व सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तस्वीर वाले पोस्टर थे, वहीं राहुल गांधी सदन में एक किताब हाथ में लिए हुए दिखे। लोकसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, 'आप चुनकर आते हैं। सदन के अंदर और बाहर विरोध का तरीका होता है। लेकिन आप इतने वरिष्ठ नेता हैं, आपने लंबे समय तक शासन किया है। बोलने की अनुमति देना या नहीं देना नियम प्रक्रिया से निर्धारित होता है।राहुल ने मंगलवार को बिरला को पत्र लिखकर उन पर सरकार के इशारे पर नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने नहीं देने का आरोप लगाया था। हंगामा नहीं थमने पर बिरला ने कुछ देर बाद ही सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बैठक फिर से शुरू हुई तो पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव संबंधी चर्चा शुरू कराई। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद जीएम हरीश बालयोगी ने विपक्ष के हंगामे के बीच ही चर्चा में भाग लिया, जिसके बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का नाम पुकारा गया। दुबे ने कुछ किताबों का जिक्र करते हुए प्रथम प्रधानमंत्री और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधा और उन पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक अप्रकाशित पुस्तक की बात कर रहे हैं, लेकिन वह गांधी-नेहरू परिवार की सच्चाई सामने लाने के लिए कई किताबें लाए हैं। पीठासीन सभापति तेन्नेटी ने किसी पुस्तक या पत्र का उल्लेख नहीं करने संबंधी नियम का हवाला देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश का उल्लेख किया और दुबे को सदन में किताबें नहीं दिखाने को कहा। उन्होंने नियम 349 का हवाला दिया जो सदस्यों को ऐसी कोई पुस्तक, अखबार या पत्र को पढ़ने से रोकता है जिसका सदन के कामकाज से लेनादेना नहीं है। हालांकि, भाजपा सांसद किताबों को दिखाते हुए उनके लेखकों और उनमें लिखी सामग्री के बारे में टिप्पणी करते रहे। दुबे के बयानों को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया और कुछ सदस्यों को आसन के सामने कागज उछालते हुए भी देखा गया। हंगामा बढ़ने पर पीठासीन सभापति ने कार्यवाही शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी। पांच बजे सदन की बैठक फिर से शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेने के लिए भाजपा सांसद पीपी चौधरी का नाम पुकारा। हालांकि, विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच उन्होंने तत्काल बैठक को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। विपक्ष के सांसद बैनर और पोस्टर दिखा रहे थे। मंगलवार को सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए कांग्रेस के सात और एक माकपा सांसद को संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

संसद में बोली...

सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा था। राय ने कहा कि अब मोदी सरकार के पास एक ठोस नीति और मजबूत नेतृत्व है, जिसके चलते 'कतई बर्दाश्त नहीं नीति' के तहत नक्सलवाद को जल्द खत्म किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने 'वोट बैंक की राजनीति' के चलते नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, पिछली सरकारों और कुछ राजनीतिक दलों ने हिंसा फैलाने वाली ताकतों से समझौता किया, जो राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम कर रही थीं। **गृह राज्यमंत्री ने पेश किया आंकड़ा-** गृह राज्य मंत्री ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2010 में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 1,005 लोगों की मौत हुई थी, जो 2025 में घटकर 100 रह गई, यानी लोगों की मौत में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह 2010 में नक्सली हिंसा की 1,936 घटनाएं दर्ज की गई थीं, जो 2025 में घटकर 234 रह गईं, यानी 88 प्रतिशत की गिरावट आई। उन्होंने कहा कि जून 2019 से अब तक 33 शीर्ष नक्सली नेता मारे गए हैं, जिनमें 16 केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) और पोलित ब्यूरो सदस्य (पीबीएम) शामिल हैं।

पूर्व सीएम भूपेश...

के साथ सहयोग किया। हालांकि राय ने आरोप लगाया कि बघेल सरकार ने केंद्र सरकार के साथ अपेक्षित स्तर का सहयोग नहीं किया। उन्होंने कहा, मैं किसी सरकार का नाम नहीं लूंगा, लेकिन जिस सरकार का आपने नाम लिया, उसने उतना सहयोग नहीं किया जितना करना चाहिए था। गृह राज्य मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, /"सुरक्षा बलों का मनोबल गिराकर नक्सलवाद से नहीं लड़ा जा सकता।

कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर जिला-बीजापुर (छ.ग.)
Email ID-cssdm-bijapur.cg@gov.in

क्रमांक/DSDA/नि./2025-26 2501 बीजापुर, दिनांक 29/01/2026

// निविदा //

जिला बीजापुर अंतर्गत जिला बीजापुर में गारमेंट फैक्ट्री हेतु, जिला खनिज न्यास निधि के प्राप्त मद से बटन मशीन एवं बटन होल मशीन एवं हीट ट्रान्सफर लेबल मशीन क्रय करने "निविदा" दिनांक 26/02/2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाइट http://bijapur.gov.in अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जिला कौशल विकास प्राधिकरण
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

स. 46775

कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
E-mail:-dpowcdgariaband@gmail.com

क्र./3551/मबावि/सीधी भर्ती/2025-26 गरियाबंद, दिनांक 30/01/2026

-: विज्ञापन :-

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/15579/मबावि/स्था-03/2025-26 अटल नगर दिनांक 06.01.2026 के द्वारा सहायक ग्रेड-03 के सीधी भर्ती की अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) में सहायक ग्रेड-03 के नियमित के रिक्त पद की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 01.02.2026 से दिनांक 15.02.2026 सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु जिला गरियाबंद के वेबसाईट https://gariaband.gov.in/ में लिंक दिनांक 01.02.2026 से उपलब्ध रहेगी। विज्ञापन की विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट https://gariaband.gov.in/ में अपलोड है या कार्यालयीन समय पर कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

जी. 252606439/1

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.

क्रमांक / स्टोर/2026/477 अम्बिकापुर दिनांक - 3/2/26

// दावा आपत्ति सूचना //

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) की ओर से निम्न चिकित्सकीय उपकरण सापंत्तिक प्रकृति (Proprietary Character) होने के कारण रिएजेंट्स, कन्ज्यूमेबल एवं कंट्रोल क्रय करने हेतु दावा आपत्ति सूचना आमंत्रित की जा रही है। प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट https://www.gmcambikapur.co.in में अवलोकन कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

S.No.	Name of Equipment	Make	Model	Name of Department
1	C.T.Scan Machine	Wipro GE Healthcare PVT LTD	REVLUTONEVO	Radiology
2	X-Ray Machine	Agfa Healthcare PVT LTD	DXD100+	Radiology
3	Dialysis Machine	B Braun Medical PVT LTD	Dialog+HDF	Medicine

दावा आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि- 07/03/2026, समय-संध्या 5.30 बजे तक
स्थान :- राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

जी. 252606461/2

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY PROJECT CIRCLE, DURG, DISTT.: DURG (C.G.)

E-Procurement Tender Notice

NIT No.73,74,75,76/SE/TECH./CGRRDA/2026 Dated 03/02/2026

Superintending Engineer, Project Circle Durg on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY & MMGSVY & Defect Liability under PMGSY and sanctioned for below mentioned district of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

S. No	NIT No.	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts	Rate invited
01	73 (1st Call)	Zonal Work (Patch Repair Works under MMGSVY)	58.26	Durga	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
02	74 (4th Call)	Zonal Work (Repair & Maintenance) under PMGSY	150.00	Durg, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC, Kabirdham	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
03	75 (4th Call)	Zonal Work (Repair & Maintenance) under MMGSVY	125.00	Balod, Bemetara, Rajnandgaon, KCG, MMAC	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
04	76 (6th Call)	Defect Liability under PMGSY	46.29	Rajnandgaon	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 07.02.2026. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road
Development Agency Project Circle,
Durg, Dist. Durg (C.G.)
E-mail: sepmgsy.rpc@nic.in

S-46778

कार्यालय अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh,ph-07762-220741
E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक/ चिकि.महा./ क्रय / 2025-26/1434 रायगढ़ दिनांक 03.02.26

// खुली निविदा सूचना //

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए Books क्रय किये जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु गुड ऑफिस कमेटी (G.O.C.) रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म/प्रदायकर्ता फर्म / पब्लिसर / अधिकृत विक्रेता कम्पनी एवं फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित है।

निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 05/02/2026 समय 10:00 AM से
दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 19/02/2026 समय 03:00 PM के पूर्व
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 19/02/2026 समय 04:00 PM

टीप: निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in का अवलोकन कर सकते है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
शास. चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252606443/1

प्ररूप-एक (नियम -11 देखिये)
रा.प्र.क्र.202201050400044

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कोरबा

अधिसूचना

क्र./573/भू-अर्जन /2025 कोरबा, दिनांक 09/01/2026

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियतम 7 के अंतर्गत

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात:-

जिला	तहसील	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल	लोक प्रयोजन का विवरण
कोरबा	हरदीबाजार	बोईदा	2.206 हे.	बोईदा मुख्य मार्ग से नायकपारा तिलैयापारा फुटहामुड़ा मार्ग लंबाई 2.76 कि.मी. निर्माण हेतु अर्जन

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 12/02/26 को समय 11:00 बजे से स्थान ग्रा.पंचा. बोईदा पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

01. लोक प्रयोजन का संक्षित विवरण -बोईदा मुख्य मार्ग से नायकपारा तिलैयापारा फुटहामुड़ा मार्ग लंबाई 2.76 कि.मी. निर्माण हेतु अर्जन
02. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या -44 परिवार
03. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या -44 परिवार
04. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या -16
05. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या -01 सार्वजनिक मंच देवस्थान
06. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है? -हॉ
07. क्या संभव ब्रिकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है? -हॉ
08. परियोजना की कुल लागत -रूपये 506.39 लाख
09. परियोजना से होने वाले लाभ -आवागमन हेतु बारहमासी सड़क
10. प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय -प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए संभावित उपाय किये जा रहे हैं तथा उस पर होने वाद संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है।
11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक- निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/ सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं भू-अर्जन अधिकारी अनुविभाग
पाली, जिला- कोरबा (छ.ग.)

(कुणाल दुदावत)
कलेक्टर, जिला- कोरबा एवं
पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी. 252606455/1

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक-06
(नवीन अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तृतीय तल, जलगृह मार्ग रावणभाठा रायपुर
(E-Mail ID. rmzone6@gmail.com)

ई निविदा संशोधन सूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा क्रमांक 1455 दिनांक 27.01.2026 के द्वारा ऑनलाईन निविदा जारी किया गया है। जिसमें जारी निविदा त्रुटि को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:-

(1) Uplod NIT के पेज नम्बर 02 में कंडिका क्रमांक 09 में Tender Form Fee Rs. 2000 Scan copy of (DD) त्रुटि हो गया है। जिससे NIT में पेज नम्बर 02 में दर्शित अनुसार Tender Form Fee Rs. 5000 Scan copy of (DD) माना जावे।
(2) Uplod NIT में शपथ पत्र Uplod किया गया है। जिसमें त्रुटि होने के कारण संशोधित शपथ पत्र Uplod NIT किया जाता है।
निविदा से संबंधित अन्य जानकारियां यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय अधष्ठिाता पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

पत्र क्र.2183/निविदा/2025-26 रायपुर, दिनांक 03/02/2026

अधिष्ठाता, पं. जे.एन.एम. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) मे एम.बीबीएस अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं (लगभग 125 विद्यार्थियों, 04 शिक्षकों एवं 04 सहयोगी स्टॉफ) को वर्ष 2025-2026 में "अध्ययन भ्रमण अंतर्गत आपदा प्रबंधन ट्रेंनिंग कार्य के लिये पंचमढ़ी, मध्यप्रदेश भ्रमण हेतु, विद्यार्थियों के लिए यात्रा-शिविरों (Travel Camp's) के आयोजन से संबंधित अनुभवी तथा प्रतिष्ठित संस्थाओं से निविदा आमंत्रित है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम व द्वितीय निविदा मे जिनके निविदा प्रस्ताव अमान्य कर दिए गए थे वे आवेदन शुल्क व EMD शुल्क का Demand Draft वापस प्राप्त कर पुन: नया निविदा प्रस्ताव जमा कर सकते है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि 12.02.2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 12.02.2026 समय सायं 4:00 बजे
स्थान : अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
G-252606050/4

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

जी. 252606453/3

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTICE ENGINEER E/M MINIMATA BANGO DIVISION MACHADOLI H.Q. KATGHORA (C.G.)

CORRIGENDUM NO. 2

IN NIT No.: 05/SAC/2025-26, dated : 14.01.2026, System tender No. 183823 whose G-252606102 following amendments are made-

S. No.	Previously	Amendments
1	Clauses 4.1.1.a(a) Lift/Pressurized Water Conveyance & Civil Works: Design, supply, installation, testing, and commissioning of rising mains, gravity/distribution network consisting of MS/DI/HDPE/PVC pipes, remote operated automated Zonal Management Units Handling Flow & Pressure Control Arrangements, Isolation Valves, Air Valves, Surge Protections Systems comprising of Bladder Vessel and Surge Suppression Valves, filtration systems, Outlet Management Systems with Remote Flow & Pressure Control Arrangements controlling up to 5 Ha and Irrigating Farmer Outlet up to 1 Ha with min. 20 m Pressure, capacity building and training for beneficiary farmers forming part of a Lift Irrigation Scheme covering a command area not less than 2,100 ha.	Clauses 4.1.1.a(a) Lift/Pressurized Water Conveyance & Civil Works: Design, supply, installation, testing, and commissioning of rising mains, gravity/distribution network consisting of MS/DI/HDPE/PVC pipes, remote operated automated Zonal Management Units Handling Flow & Pressure Control Arrangements, Isolation Valves, Air Valves, Surge Protections Systems comprising of Bladder Vessel and Surge Suppression Valves, filtration systems, Outlet Management Systems with Remote Flow & Pressure Control Arrangements controlling up to 5 Ha and Irrigating Farmer Outlet up to 1 Ha with min. 20 m Pressure, capacity building and training for beneficiary farmers forming part of a Lift Irrigation Scheme covering a command area not less than 2,466 ha.
2	Clauses 4.1.1.a(b) Electro-Mechanical & Electrical Works: Design, supply, erection, testing, and commissioning of pumping machinery, motors, VFD/soft starters, MCC/PMCC panels, HT/LT switchgear, cabling, and earthing, forming part of a Lift Irrigation Scheme with a command area not less than 2,100 ha.	Clauses 4.1.1.a(b) Electro-Mechanical & Electrical Works: Design, supply, erection, testing, and commissioning of pumping machinery, motors, VFD/soft starters, MCC/PMCC panels, HT/LT switchgear, cabling, and earthing, forming part of a Lift Irrigation Scheme with a command area not less than 2,466 ha.
3	Clauses 4.1.1.a(c) Automation/SCADA & Instrumentation: Design, supply, installation, testing, and commissioning of flow, level, and pressure instrumentation; PLC/RTU systems ; telemetry/communication network; HMI/SCADA applications; control centre setup; and zonal management units, field integration and automation up to 5 Ha including trial run and performance demonstration as per the contract KPIs, for a Lift Irrigation Scheme of command area not less than 2,100 ha.	Clauses 4.1.1.a(c) Automation/SCADA & Instrumentation: Design, supply, installation, testing, and commissioning of flow, level, and pressure instrumentation; PLC/RTU systems; telemetry/ communication network; HMI/SCADA applications; control centre setup; and zonal management units, field integration and automation up to 5 Ha including trial run and performance demonstration as per the contract KPIs, for a Lift Irrigation Scheme of command area not less than 2,466 ha.
4	Clauses 4.1.1.a(d) Operation and Maintenance: The contractor must have completed Operation and Maintenance (O&M) for a minimum continuous period of two (2) years, of the same Project covering pumping operations, automation /SCADA system upkeep, and irrigation delivery within the defined command area.	Clauses 4.1.1.a(d) Operation and Maintenance: The contractor must have completed Operation and Maintenance (O&M) for a minimum continuous period of One (1) years, of the same Project covering pumping operations, automation/ SCADA system upkeep, and irrigation delivery within the defined command area.
5	Online tenders are invited up to 05.02.2026 17:30 Hour	Online tenders are invited up to 10.02.2026 17:30 Hour
6	Bid open date and time 06.02.2026 at 11:30 hours	Bid open date and time 11.02.2026 at 11:30 hours

All other and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
E/M MINIMATA BANGO DIVISION MACHADOLI
H.Q. KATGHORA, DIST-KORBA, (C.G.)

G-252606459/4

छत्तीसगढ़ शासन
विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर, (छ.ग.)

क्रमांक..146/21-अ/स्था./ छ.ग./2026, नवा रायपुर, दिनांक 20/01/2026

विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय, के अंतर्गत तृतीय श्रेणी के (सहायक ग्रेड-3) भर्ती परीक्षा 2025
संभावित तिथि 06.09.2026
रिक्त पदों का विवरण

क्र	पद का नाम	वर्गीकरण	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए वर्गवार आरक्षित पद				कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद	योग	वेतन मेट्रिक्स
			अ.ना	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.	अ.ना	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.	अ.ना	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.			वेतन मेट्रिक्स लेवल-4 (5200-20200 +1900)
1	सहायक ग्रेड-03	तृतीय	4	1	3	2	1	-	-	-	-	-	-	-	-	10	

1. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। 2. विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि परीक्षा संचालन संबंधी अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है। 3. उपरोक्त विज्ञापित पदों पर भरे जाने वाली चयन प्रक्रियायें माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

(दिलीप कुमार सेन)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
विधि और विधायी कार्य विभाग

जी. 252606464/2

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, वैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

खुलता नहीं, इसलिए कारों के दरवाज़ों पर छिपे हैंडल पर चीन ने लगाया बैन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आजकल की मॉडर्न और महंगी कारों में आपने एक बेहद स्टाइलिश फीचर देखा होगा, दरवाजे के हैंडल जो बॉडी के अंदर छिपे रहते हैं और टच करने पर बाहर आते हैं। यह फीचर टेस्ला ने शुरू किया था और देखते ही देखते यह स्टेटस सिंबल बन गया। लेकिन अब यह फीचर जानलेवा साबित हो सकता है। इसी खतरे को देखते हुए चीन ने एक बड़ा फैसला लेते हुए इन फैंसी हैंडल्स वाली कारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही चीन ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

चीन के इस सख्त फैसले के पीछे वजह सुरक्षा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में चीन में शाओमी की इलेक्ट्रिक कारों समेत कई वाहनों के एक्सीडेंट हुए। इन हादसों में देखा गया कि पावर फेल होने या तकनीकी खराबी के कारण दरवाजे लॉक हो गए और बाहर से हैंडल न होने की वजह से मदद करने वाले लोग दरवाजा खोल ही नहीं पाए।

